>

Title : Need to convert metre gauge railway line into broad gauge between Gorakhpur and Gonda in Uttar Pradesh.

श्री जगदम्बिका पाल (डुमरियागंज) : मैं आपका ध्यान उत्तर प्रदेश के गोरखपुर से गोंडा वाया नौगढ़, उस्का, शोहरतगढ़, चिल्हिया एवं बढ़नी के बीच रेलवे की मीटरगेज लाइन की ओर आकृष्ट करना चाहता हूं। उक्त रेलवे लाइन भारत एवं नेपाल की सीमा पर स्थित होने के कारण अंतर्राष्ट्रीय महत्व की है। इसी रेलवे लाइन पर गौतम बुद्ध की जन्मस्थली कपिल वस्तु जनपद सिद्धार्थनगर भी पड़ती है। उक्त रेलवे लाइन से नेपाल एवं भारत के बीच यात्रियों का आवागमन तथा व्यापार का आदान-प्रदान होता है। बड़ी तादात में सिद्धार्थनगर के लोग मुम्बई, दिल्ली, कोलकाता एवं गुजरात तथा दक्षिण भारत में नौकरी एवं व्यापार करते हैं। अतः जनहित में गोरखपुर, सिद्धार्थनगर से गोंडा की मीटरगेज की बड़ी लाइन के आमान परिवर्तन की कार्यवाही भारत सरकार करने की घोषणा करे।